संख्या 141 /उद्यान–सेवा का अधिकार /2018–19

प्रेषक,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तराखण्ड,
उद्यान भवन, चौबटिया, रानीखेत।

सेवा में,

सचिव,
उद्यान,
उत्तराखण्ड शासन।

देहरादून, दिनांकः 25 अप्रैल, 2018

विषय– **सेवा का अधिकार अधिनियम–2011 के अन्तर्गत अधिसूचित किए जाने हेतु चिन्हित विभागीय सेवाओं का नागरिक अधिकार पत्र (Citizen Charter) उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 13.04.2018 को सचिव, सेवा का अधिकार आयोग एवं दिनांक 20.04.2018 को प्रमुख सचिव, सुराज, भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं जनसेवा विभाग, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा कीजिएगा, जिसमें उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की चिन्हित सेवाओं के नागरिक अधिकार पत्र (Citizen Charter) की सूचना तैयार कर शासन के संबंधित प्रशासकीय विभाग (उद्यान विभाग) के माध्यम से प्रमुख सचिव, सुराज, भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं जनसेवा विभाग, उत्तराखण्ड शासन के साथ–साथ सेवा का अधिकार आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः उक्त निर्देशों के अनुपालन में सेवा का अधिकार अधिनियम–2011 के अन्तर्गत उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में अधिसूचित किए जाने हेतु नागरिक अधिकार पत्र का (Citizen Charter) आलेख संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को शासन के माध्यम से प्रमुख सचिव, सुराज, भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं जनसेवा विभाग, उत्तराखण्ड शासन के साथ–साथ सचिव, सेवा का अधिकार आयोग को भी उपलब्ध कराने की कृपा कीजिएगा।

संलग्नः यथोपरि।

भवदीय,

(आर0सी0 श्रीवास्तव)
निदेशक

संख्या एवं दिनांकः तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अनु सचिव, सुराज, भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं जनसेवा विभाग, उत्तराखण्ड शासन
2. सचिव, सेवा का अधिकार आयोग, देहरादून।

25/4/18

(आर0सी0 श्रीवास्तव)
निदेशक

नागरिक अधिकार पत्र

(Citizen Charter)

विभाग द्वारा नागरिको को उपलब्ध करायी जाने वाली सेंवाओं का विस्तृत विवरण

वर्ष : 2018—19

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,

उद्यान भवन, चौबटिया, रानीखेत
अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तराखण्ड

प्रस्तावना

उद्यान विभाग की स्थापना वर्ष 1953 में फलोपयोग विभाग के नाम से हुई थी जिसे बाद में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का नाम दिया गया। उत्तराखण्ड राज्य की जलवायु एवं भौगोलिक स्थिति विभिन्न प्रकार की औद्यानिक फसलों (फल, सब्जी, मसाला, पुष्प, मशरूम) के उत्पादन तथा मौनपालन हेतु अत्यधिक अनुकूल है। विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत औद्यानिक फसलों के विकास हेतु व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल 53.48 लाख हैक्टेयर में से लगभग 7.01 लाख हैक्टेयर भू–भाग कृषि फसलों के अन्तर्गत है तथा औद्यानिकी के अन्तर्गत लगभग 2.83 लाख है0 क्षेत्र आच्छादित है। औद्यानिकी में लगभग 2.50 लाख कृषक जुड़े हुए है, जिसमें 88 प्रतिशत लघु एवं मझौलें कृषक है। राज्य में कुल 2.83 लाख है0 क्षेत्रफल में औद्यानिकी फसलें की जा रही है, जिसके अन्तर्गत लगभग 16.98 लाख मै0टन उत्पादन किया जा रहा है, जिसमें से फलों के अन्तर्गत 1.77 लाख है0 क्षेत्रफल में 6.63 लाख मै0टन उत्पादन, सब्जियों, आलू एवं मसालों के अन्तर्गत क्रमशः 0.65 लाख है0 में 5.85 लाख मै0टन, 0.26 लाख है0 में 3.60 लाख मै0टन तथा 0.13 लाख है0 में 0.88 लाख मै0टन उत्पादन किया जा रहा है। फूलों की खेती 1403 है0 में की जाती है, जिसमें लगभग 2073 मै0टन खुले पुष्प व 15.65 करोड़ डंडीयुक्त एवं बल्वयुक्त पुष्पों का उत्पादन किया जाता है। इसके साथ–साथ राज्य में लगभग 2200 मै0टन शहद का उत्पादन तथा लगभग 10,700 मै0टन मशरूम का उत्पादन किया जाता है।

राज्य की समृद्धि का मूल्यांकन वहां की जनता के स्वास्थ्य स्तर से किया जा सकता है जो भोजन की पोष्टिकता तथा सम्पूर्णता पर निर्भर है। फल तथा सब्जियॉ पौष्टिक तत्वों से भरपूर होने के साथ–साथ दैनिक आहार की पूर्ति करने में सहायक है। अतएव हमारे जीवन में इनका विशेष स्थान है। विभिन्न खाद्य पदार्थो की बढती कीमतों को देखते हुये औद्यानिक उत्पादन (फल, सब्जी, मशरूम, मसाला, पुष्प) और मधुमक्खी पालन तुलनात्मक दृष्टि से लाभदायक है। विभाग द्वारा राज्य की विशेष कृषि जलवायु के दृष्टिगत उपयोगी औद्यानिक तकनीकी का विकास एवं क्रियान्वयन पर जोर दिया जा रहा है।

दृष्टि (Vision)

1. औद्यानिक उत्पादन में वृद्धि के साथ साथ मात्रात्मक एवं गुणात्मक रूप से राज्य का औद्यानिक उत्पादन बढ़ाना।
2. औद्यानिक फसलों तथा संबंधित कार्यकलापों से कृषि का विविधीकरण करते हुये ग्रामीण जनता को रोजगार के अवसर देना तथा आर्थिक उन्नति एवं सम्पन्नता को प्रोत्साहित करना।
3. स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त पर्यावरण सुनिश्चित कर ग्राम्य जीवन में गुणवत्ता युक्त सुधार लाना।

4. औद्यानिक व्यवसाय को महिलाओं द्वारा प्रबन्धन एवं भागीदारी के अनुरूप विकसित करना।
5. औद्यानिक उत्पादन वृद्धि कर प्रति व्यक्ति प्रति दिन संतुलित आहार उपलब्ध कराना।
6. निर्यातोन्मुखी उत्पादन को बढ़ावा देकर औद्यानिक फसलों का बाजार विकसित करना।
7. औद्यानिकी को जीविका के स्रोत और मुख्य व्यवसाय के रूप में विकसित करना जिससे प्रदेश से मानव पलायन को रोका जा सके।

उद्देश्य

1. प्रदेश में वैज्ञानिक एवं व्यवसायिक औद्यानिकी को बढ़ावा देना।
2. औद्यानिक फसलों की उत्पादकता, गुणवत्ता एवं संघनता में वृद्धि करना।
3. महिला कृषक आधारित औद्यानिक पद्धतियों का विकास एवं प्रसार।
4. औद्यानिक विकास को बढ़ावा देकर, बेरोजगार नवयुवकों का पलायन रोकना ।
5. औद्यानिक प्रणाली का विकास कर भूमि का सदुपयोग करना।
6. औद्यानिक फसलों को लाभदायक बनाने के लिये अधिक से अधिक स्थानीय प्रजातियों और तकनीकी का विकास कर आर्थिक स्तर में सुधार लाना।
7. औद्यानिकी क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार क्षेत्र सुदृढीकरण।
8. औद्यानिकी आधारित लघु उद्योग को बढ़ावा देना।
9. औद्यानिकी उत्पादों के भण्डारण एवं प्रसंस्करण के लिये ढांचागत सुविधाओं का विकास।
10. औद्यानिकी उत्पादों के विपणन का सुदृढीकरण।
11. औद्यानिक फसलों में सिंचाई व्यवस्था हेतु श्रोतो का विकास।

औद्यानिक विकास के प्रमुख कार्य

(i) –फल उत्पादन

1. पुराने बागों का जीर्णोद्धार।
2. नई गुणवत्तायुक्त और अधिक उत्पादनशील किस्मों का रोपण।

3. प्रमुख व्यवसायिक फलों जैसे आम, लीची, माल्टा, संतरा, कीवी, आड़ू, खुबानी, बादाम, पीकननट, अखरोट, सेब, नाशपाती, आदि की बागवानी बड़े स्तर से की जायेगी। प्रत्येक बाग में अगेती, मध्यम व देर समय से पकने वाली किस्मों के अन्तर्गत क्षेत्रफल विस्तार किया जायेगा ताकि प्रसंस्करण उद्योगों को लम्बे समय तक फल प्राप्त हो सके।
4. सामान्य जनमानस की दैनिक फलों की आवश्यकता की पूर्ति के लिये गृह वाटिकाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
5. राज्य में फल वृक्षों की उन्नतशील किस्मों व मूलवृत्तों का प्रसारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उद्यान में अधिक मांग वाली किस्मों का रोपण किया जा रहा है। फल प्रजातियों की किस्मों का चयन ताजे फल उपयोग तथा प्रसंस्करण में उपयोग के आधार पर पृथक–पृथक किया गया है।
6. प्रत्येक फल वृक्ष की जलवायु, भूमि व ऊंचाई की आवश्यकतानुसार क्षेत्र चिन्हित करके नये बागों की स्थापना हेतु विशेष कार्यक्रम चलायें जा रहें है।
7. क्लस्टर आधारित विशेष फल वृक्षों के क्षेत्र विकसित किये जा रहे हैं।
8. प्रत्येक क्षेत्र में फल विशेष के तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन और तदुपरान्त आधुनिक फल भण्डारण की सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है।
9. प्रत्येक फल क्लस्टर में बाग सुरक्षा कार्यक्रमों को अनिवार्य बनाया जा रहा है।
10. विषाणु एवं जीवाणु रोगों से प्रभावित बागों को नष्ट किया जायेगा। दूसरे प्रदेशों से खराब किस्म के पौधे आयातित करने पर प्रतिबन्ध लगाया जायेगा।
11. पौधशालाओं में गुणवत्तायुक्त पौध उत्पादन किया जाता है। इसके लिए अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त पौधशालायें स्थापित की जा रही है जिसमें पौध प्रमाणीकरण व कीट/रोग परीक्षण की उचित व्यवस्था की जा रही है।
12. निजी व सरकारी पौधशालाओं को पौध प्रमाणीकरण (एकीडेटेशन)के अन्तर्गत लाया गया है। पौधशालाओं की स्थापना फल प्रजातिवार की जाएगी ।
13. फलों की सघन बागवानी पर बल दिया गया है। इसके लिए बौने मूलवृतों को चिन्हित कर उत्पादन पर बल दिया जा रहा है।
14. विभिन्न ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अल्प प्रचलित फलों के संरक्षण की समुचित व्यवस्था की जा रही है।
15. फलोंद्यानों के वैज्ञानिक प्रबंधन जैसे नमी संरक्षण, सिंचाई, पोषण, कांट छांट और संघाई आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है।
16. जैविक बागवानी पर विशेष बल दिया जा रहा है
17. ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में एण्टीहेलनेट की सुविधा प्रदान कराई जाती है।
18. फल संरक्षण हेतु प्रत्येक फल क्लस्टर में निजी क्षेत्रों की प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना व विपणन हेतु मण्डियों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाएगा।

19. अंसिचित क्षेत्रों में वर्षा जल को संरक्षित करने हेतु जल संरक्षण एवं उद्यानों में नमी संरक्षण के उपाय विकसित किये गये है। ड्रिप सिंचाई प्रणाली तथा स्प्रिंक्लर के प्रयोग पर अधिक बल दिया गया है।

(ii) –सब्जी और मसाला फसलें

1. सब्जी उत्पादकों को समय से पूर्व सब्जियों और मसालों के बीज उर्वरक, रसायनों एवं पौध सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।
2. सब्जियों में आलू, टमाटर, बंदगोभी, फूलगोभी, मटर, शिमलामिर्च,प्याज ,लहसुन, मूली, गाजर, पालक,मेथी,फ्रासबीन आदि के उत्पादन पर विशेष बल दिया जायेगा। सब्जी उत्पादकों को उपर्युक्त सब्जियों की नवीन उन्नतशील/संकर किस्में उपलब्ध कराई जाती है। निर्यात के लिये यूरोपीय सब्जियों जैंसे ब्रौंकली, पार्सले, लेट्यूस, सेलरी, ब्रुसल्स स्प्राउट आदि के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
3. राजकीय प्रक्षेंत्रो एवं निजी क्षेत्र में कृषि जलवायु के अनुसार विभिन्न शीतोष्ण सब्जियों के बीज उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु राजकीय प्रक्षेत्रों पर सब्जी बीज उत्पादन कार्य किया जाता है तथा मुन्स्यारी में आलू फेडरेशन का गठन कर आलू उत्पादको को प्रमाणित बीज उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया गया है।
4. फल क्लस्टरों की तरह मसाला एवं सब्जियों को क्लस्टर के रूप मे विकसित किया जा रहा है तथा पौध सुरक्षा की सामूहिक व्यवस्था उद्यान सचल दल केन्द्र के माध्यम से की जा रही है।
5. विभिन्न ऊंचाईयों, ढलान, दिशा को ध्यान में रखते हुए, किस्मों के चुनाव, किस्म विकास और उत्पादन तकनीक विकास पर बल दिया गया है।
6. बागों में अंतःशस्यन के लिये सब्जी /मसाला फसलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
7. कीट/रोग रोधी और निंजीव कारकों के लिये प्रतिरोधी किस्में को उगाने के प्रयास किये जा रहे है।
8. निर्यात हेतु गुणवत्तयुक्त सब्जी उत्पादन के लिये समेकित पादप पोषण प्रबन्धन और कीट रोग प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है।
9. आलू उगाये जाने वाले क्षेत्रों में उन्नतकिस्म के बीज का आलू पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराये जाने हेतु राजकीय उद्यानों में बीज उत्पादन किया जा रहा है।
10. पाली हाउस तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है।

(iii) –पुष्प उत्पादन

1. पुष्पों की खेती के लिये उपर्युक्त क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। और प्रत्येक क्षेत्र के लिये उपर्युक्त फसल व उनकी किस्मों को चयन किया गया है। चार धाम यात्रा मार्गों पर इसकी विशेष मांग है, जिसमें धार्मिक स्थलों के पास परंपरागत फूलों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
2. व्यवसायिक दृष्टि से लाभकारी पुष्पों जैंसे गुलाब, कारनेसन, टयूबरोज, जरबेरा, गेंदा, लिलियम, गुलदाउदी आदि के गुणवत्तायुक्त उत्पादन हेतु विशेष कार्यक्रम चलाये जा रहें है। निर्यात हेतु पुष्प उत्पादन के लिये अत्याधुनिक पॉलीहाउस स्थापना के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, और उन्हें मूलभूत सुविधायें प्रदान की जा रही है।
3. एक वर्षीय पुष्प पौंधों के बीज उत्पादन व प्रमाणीकरण का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
4. पुष्प सुखाने हेतु पुष्प उत्पादन व तकनीक प्रसार पर बल दिया गया है।
5. पुष्प उत्पादकों को गुणवत्तायुक्त पुष्प उत्पादन व तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन तकनीक का विकास किया जा रहा है।

(iv) –मशरूम उत्पादन

1. प्रत्येक क्षेत्र में पाई जाने वाली व्यवसायिक खाद्य मशरूम के उत्पादन का कार्य किया जाता है।
2. उच्च कोटि के उत्पादन और रोगरोधी मशरूम किस्मों का विकास किया जा रहा है।
3. कम्पोस्ट बनाने की तकनीक को विकसित किया गया है तथा कम्पोस्ट तैयार कर राजयहायता पर कृषकों को वितरित किया जा रहा है।
4. मशरूम की व्याधियों एवं कीटों के नियंत्रण के लिये समेकित प्रबन्धन का कार्य मशरूम शाखा द्वारा किया जाता है।
5. मशरूम फार्म डिजाइनिंग पर कार्य करने के उपरान्त मशरूम उत्पादकों को उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया गया है।
6. राज्य के गढ़वाल मण्डल के अन्तर्गत देहरादून तथा कुमायूँ मण्डल के अन्तर्गत ज्योलीकोट, नैनीताल में मशरूम प्रशिक्षण केन्द्रों की व्यवस्था पूर्व से है।
7. निर्यात आधारित औद्यानिक इकाईयां स्थापित करने हेतु तकनीक व राजसहायता की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है।

(v) –मौनपालन

1. राज्य में मौनपालन विकास हेतु एक मौन पालन केन्द्र ज्योलीकोट, नैनीताल में स्थापित है तथा एक सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स का प्रस्ताव प्रस्तावित किया गया है।
2. सामान्य या अधिक तापमान वालें क्षेत्रों में विदेशी प्रजाति एपिस मेलाफेरा तथा ठण्डे क्षेत्रों में भारतीय मौन एपिस सिराना इन्डिका को पाला जाता है।

3. मधु उत्पादन बढ़ाने हेतु प्रत्येक मौन जाति के लिये उसके प्रिय पुष्प पादप को चिन्हित करके रोपित किया जायेगा।
4. सामान्य रूप से प्रयोग किये जाने वाले कीटनाशी रसायनों के प्रति प्रत्येक मौन प्रजाति की संवेदनशीलता तथा उनसे सुरक्षा के उपाय का अध्ययन किया जा रहा है
5. विभिन्न मधुमक्खी उत्पादों के उचित मूल्य पर प्रसंस्करण एवं विपणन हेतु संस्थागत व्यवस्था एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

(vi) – बीज एवं पौध उत्पादन

1. उत्तराखण्ड में औद्यानिक फसलों के महत्व को देखते हुए श्रेष्ठ गुणवत्तायुक्त उन्नत किस्म के बीज/पौध विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।
2. बीज उत्पादन योजना बनाकर कियान्वित की जायेगी।
3. प्रजनक तथा आधारित बीज की आवश्यकता पूरी करने हेतु पर्वतीय क्षेत्रों की सब्जियों और फूलों के बीज उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
4. उन्नत किस्म के बीजोत्पादन एवं उनके निर्यात की सम्भावनाओं पर योजना बनाकर कियान्वयन किया जायेगा।
5. निजी क्षेत्र में नर्सरी स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।
6. परपरागित किस्मों के बीजों का उत्पादन, बीज ग्राम योजना संचालित करके किया जायेगा।

(vii) – सिंचाई सुविधाओं का विकास

1. पर्वतीय क्षेत्रों में राज सहायता के माध्यम से रेनवाटर हार्वेस्टिंग टैंक की सुविधा विकसित की जा रही है।
2. औद्यानिकी के अन्तर्गत टपक सिंचाई और छिड़काव सिंचाई प्रणाली को विकसित किया जा रहा है।
3. पहाड़ी क्षेत्र में नदियों से जल पम्प करके पाइपों द्वारा फसल सिंचाई हेतु उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे है।
4. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में "पर ड्रोप मोर क्राप" के अन्तर्गत सिंचाई तन्त्र, वाटर सोर्स सुधारे जायेंगे तथा प्रत्येक उद्यान में टपक सिंचाई का माडल तैयार किया जायेगा।

(viii) –प्राथमिकतायें

आर्थिक उदारीकरण, वैश्वीकरण एवं विश्व व्यापार संगठन के वर्तमान एवं भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए उत्तराखण्ड की औद्यानिक गतिविधियों को अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के प्रयास तीव्र किये जायेंगे। इस हेतु निम्न लिखित को प्राथमिकता दी जा रही है।

1. निर्यात योग्य सभी उत्पादों की उत्पादकता, प्रसंस्करण एवं विपणन हेतु संस्थागत उपायों जैसे– सड़को, भंडारगृह, छोटी बड़ी औद्यानिक इकाईयों को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण एवं विस्तार किया जा रहा है।
2. छोटे–छोटे कृषकों को उनके उत्पाद का अधिक मूल्य प्राप्त हो सके तथा विश्व व्यापार के लाभों के भागीदार बन सकें, इसके लिये इन छोटे उत्पादकों की निर्यातक सहकारी समितियों/स्वंय सहायता समूह के रूप में पंजीकृत संगठनों में संगठित कर इन्हें आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई जायेगी।
3. विशेष फलों, फूलों, औषधीय एवं संगध पौधो, सब्जी और मसाला आदि जो विश्व व्यापर हेतु उपयुक्त हो, को चिन्हित कर उनके विकास पर विशेष बल दिया जायेगा जिससे उन्हें विश्व व्यापार में लाया जा सके। निर्यात हेतु औद्यानिक उत्पादन की गुणवत्ता सुनिश्चित करना उच्च प्राथमिकता होगी जिसके लिए जैव औद्यानिक तकनीक की संभावनाओं पर शोध किया जायेगा।
4. जैविक औद्यानिकी हेतु उपर्युक्त फसलों का चुनाव एवं उनके प्रचार–प्रसार की विस्तृत योजना बनाकर कियान्वित किया जायेगा।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा नागरिकों को उपलब्ध कराये जाने वाली सेवाओं का विस्तृत विवरण:-

क0 स0	नागरिकों को उपलब्ध कराये जाने वाली सेवा	सेवा प्रदान करने की निश्चित समय सीमा	पदाभिहित अधिकारी का नाम	प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम	द्वितीय अपीलीय अधिकारी का नाम
1.	नवीन उद्यान कार्ड जारी कराना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 15 दिन के अन्तर्गत प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र द्वारा मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी से स्वीकृत कराने के उपरान्त जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
2.	पुराने उद्यान कार्ड का नवीनीकरण	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 15 दिन के अन्तर्गत मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा स्वीकृत कराने के उपरान्त जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
3.	पौधशाला पंजीकरण	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन के अन्तर्गत मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा स्वीकृति उपरान्त जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
4.	पुरानी पंजीकृत पौधशालाओं का नवीनीकरण	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन के अन्तर्गत मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा स्वीकृति उपरान्त जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
5.	कोल्ड स्टोरेज का पंजीकरण/नवीनीकरण	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 30 दिन के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा उद्यान निदेशालय को प्रेषित किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	अपर निदेशक, उद्यान, मुख्यालय	निदेशक, उद्यान
6.	कृषि भूमि में फलदार वृक्षों के पातन का अनापत्ति प्रमाण पत्र	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 15 दिन के अन्तर्गत प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र द्वारा मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त कर जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
7.	वर्षाकालीन फल पौध उपलब्ध कराना।	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन के अन्दर (जुलाई से अगस्त) वर्षाकालीन फल पौध मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी से स्वीकृत कराकर कृषकों को उपलब्ध करायी जायेगी।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
8.	शीतकालीन फल पौध उपलब्ध कराना।	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन के अन्दर (दिसम्बर से जनवरी) शीतकालीन फल पौध मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी से स्वीकृत कराकर कृषकों को उपलब्ध करायी जायेगी।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी

9.	सब्जी बीज उपलब्ध कराना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन के अन्तर्गत (खरीफ–मई से जून, रबी–सितम्बर से अक्टूबर, जायद–फरवरी से मार्च) मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा स्वीकृत कराकर सब्जी बीज कृषकों को उपलब्ध करायी जायेगी।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
10.	सब्जी पौध उपलब्ध कराना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन के अन्तर्गत (मौसम के अनुसार) मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा स्वीकृत कराकर पौंध कृषकों को उपलब्ध करायी जायेगी।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
11.	पुष्प बीज/कन्द/पौंध उपलब्ध कराना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन (मौसम के अनुसार) के अन्तर्गत प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र द्वारा मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा स्वीकृत कराकर पौंध कृषकों को उपलब्ध करायी जायेगी।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
12.	रसायन/औद्यानिक संयत्र/कोरोगेटेड बाक्स/रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक उपलब्ध कराना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन के अन्तर्गत मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा स्वीकृत कराकर निवेश उपलब्ध करायें जायेंगें।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
13.	घेरबाड़ की योजना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 30 दिन के अन्तर्गत निर्माण हेतु मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा स्वीकृति जारी की जायेगी।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
14.	खाद्य प्रसंस्करण में एक वर्षीय डिप्लोमा	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित अभ्यर्थी को 30 दिन के अन्तर्गत पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्ह/अनर्ह पाये जाने की सूचना/स्वीकृति संबंधित केन्द्र के प्रधानाचार्य द्वारा जारी की जायेगी।	प्रधानाचार्य, खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, रामनगर, नैनीताल/कोटद्वार, पौड़ी	संबंधित मण्डल के संयुक्त निदेशक, उद्यान	निदेशक, उद्यान
15.	मौनपालन प्रशिक्षण	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित अभ्यर्थी को 45 दिन के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतु अर्ह/अनर्ह पाये जाने की सूचना/स्वीकृति प्रदेशीय मौन विशेषज्ञ, ज्योलीकोट, नैनीताल/मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा जारी की जायेगी।	प्रदेशीय मौन विशेषज्ञ, ज्योलीकोट, नैनीताल	संबंधित मण्डल के संयुक्त निदेशक, उद्यान	निदेशक, उद्यान
16.	मौनवंश/मौनबाक्स उपलब्ध कराना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित लाभार्थी को 45 दिन के अन्तर्गत मौनवंश/मौनबाक्स उपलब्ध कराने में प्रवेश हेतु अर्ह/अनर्ह पाये जाने की सूचना स्वीकृति प्रदेशीय मौन विशेषज्ञ, ज्योलीकोट, नैनीताल/मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा जारी की जायेगी।	प्रदेशीय मौन विशेषज्ञ, ज्योलीकोट, नैनीताल	संबंधित मण्डल के संयुक्त निदेशक, उद्यान	निदेशक, उद्यान

17.	माली प्रशिक्षण	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित अभ्यर्थी को 60 दिन के अन्तर्गत परीक्षा के आधार पर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्ह/अनर्ह पाये जाने की सूचना/स्वीकृति उद्यान निदेशालय द्वारा जारी की जायेगी।	उपनिदेशक, मुख्यालय।	अपर निदेशक, मुख्यालय	निदेशक, उद्यान
18.	मशरूम प्रशिक्षण	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित अभ्यर्थी को 60 दिन के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतु सूचित किया जायेगा।	मुख्य मशरुम विकास अधिकारी, ज्योलीकोट, नैनीताल/देहरादून	संबंधित मण्डल के संयुक्त निदेशक, उद्यान	निदेशक, उद्यान
19.	पाश्चुराईज्ड कम्पोस्ट एवं स्पान उपलब्ध कराना।	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन के अन्तर्गत प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र/प्रभारी कम्पोस्ट यूनिट /मशरुम कार्यालय ज्योलीकोट, नैनीताल/देहरादून द्वारा स्वीकृति उपरान्त उपलब्ध कराया जायेगा।	मुख्य मशरुम विकास अधिकारी, ज्योलीकोट, नैनीताल/देहरादून	संबंधित मण्डल के संयुक्त निदेशक, उद्यान	निदेशक, उद्यान
20.	मसाला बीज/कन्द उपलब्ध कराना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन (मौस्म के अनुसार) के अन्तर्गत प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र द्वारा स्वीकृत कराकर बीज कृषकों को उपलब्ध करायी जायेगी।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/ जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
21.	सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 60 दिन के अन्तर्गत मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा वार्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष बजट उपलब्धता के आधार पर स्वीकृति पत्र जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/ जिला उद्यान अधिकारी	नोडल अधिकारी, सूक्ष्य सिंचाई मिशन	निदेशक, उद्यान
22.	ट्यूबैल/बोर बैल की स्थापना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 45 दिन के अन्तर्गत मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा वार्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष बजट उपलब्धता के आधार पर स्वीकृति पत्र जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/ जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
23.	पुराने उद्यानों का जीर्णोद्धार	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 45 दिन के अन्तर्गत मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा वार्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष बजट उपलब्धता के आधार पर स्वीकृति पत्र जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/ जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
24.	पालीहाउस स्थापना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 45 दिन के अन्तर्गत मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा वार्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष बजट उपलब्धता के आधार पर स्वीकृति पत्र जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/ जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी
25.	वर्मी कम्पोस्ट हकाई स्थापना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 45 दिन के अन्तर्गत मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा वार्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष बजट उपलब्धता के आधार पर स्वीकृति पत्र जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/ जिला उद्यान अधिकारी	संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी	संबंधित जनपद के जिलाधिकारी

26.	पैक हाउस	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 90 दिन के अन्तर्गत मुख्य उद्यान अधिकारी/जिला उद्यान अधिकारी द्वारा संबंधित वर्ष में वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार लक्ष्यों के सापेक्ष बजट उपलब्धता के आधार पर निदेशक, बागवानी मिशन से स्वीकृति उपरान्त जारी किया जायेगा।	संबंधित जनपद के मुख्य उद्यान अधिकारी/ जिला उद्यान अधिकारी	निदेशक, बागवानी मिशन	निदेशक, उद्यान
27.	तृड़ाई उपरान्त प्रबन्धन एवं विपणन हेतु अवस्थापना सुविधाओं का सृजन	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 90 दिन के अन्तर्गत निदेशक बागवानी मिशन द्वारा शासन स्तर पर राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।	निदेशक, बागवानी मिशन	निदेशक, उद्यान	सचिव, उद्यान
28.	खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना	पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 90 दिन के अन्तर्गत निदेशक बागवानी मिशन द्वारा शासन स्तर पर राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।	निदेशक, बागवानी मिशन	निदेशक, उद्यान	सचिव, उद्यान

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,उत्तराखण्ड
निदेशालय/मण्डलीय एवं जनपद अधिकारियों के सम्पर्क सूत्र

क्र0 सं0	नाम	पदनाम	फोन कार्यालय	मोबाईल
1	श्री आर0सी0श्रीवास्तव	निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण	05966-222792	9412997772
		संयुक्त निदेशक/उपनिदेशक		
2	डा0 आर0के0सिंह,	संयुक्त निदेशक मुख्यालय रानीखेत	05966-220260	9410133552
3	डा0 अजय कुमार यादव	संयुक्त निदेशक, उद्यान, कुमाऊ मण्डल, नैनीताल	05942-221288	9557136661
4	डा0रतन कुमार	संयुक्त निदेशक, उद्यान, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी	01368-222227	9412436207
5	श्री उमाशंकर सिंह	उप निदेशक सांख्यिकी मुख्यालय, रानीखेत	05966-220260	9412908356
6	डा0 बृजेश कुमार गुप्ता	उप निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र काशीपुर	05949-262745	9412124358
7	श्री रतन सिंह चौधरी	उप निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र श्रीनगर		9412486754
		मुख्य/जिला उद्यान अधिकारी/उद्यान विशेषज्ञ		
8	श्री इन्द्रपाल सिंह कुशवाहा	मुख्य उद्यान अधिकारी, हरिद्वार	01334-239062	9412436207
9	डा0रामेश्वर सिंह	मुख्य उद्यान अधिकारी, उधमसिंहनगर	05949-250447	9456196547
10	श्री हितपाल सिंह	मुख्य उद्यान अधिकारी, अल्मोड़ा	01334-239062	9412045285
11	कु0 मीनाक्षी जोशी	जिला उद्यान अधिकारी, पिथौरागढ़	05962-230082	8192939276
12	श्री एन0के0आर्या	जिला उद्यान अधिकारी, चम्पावत	05965-230765	9837936986
13	श्री तेजपाल सिंह	जिला उद्यान अधिकारी, बागेश्वर	05963-221336	9410378184 8449596004
14	डा0नरेन्द्र कुमार	जिला उद्यान अधिकारी, पौड़ी	01368-222524	9412407032
15	श्री संजय श्रीवास्तव	मुख्य उद्यान अधिकारी, देहरादून	0135-2711530	8859959593
16	डा0 डी0के0 तिवारी	जिला उद्यान अधिकारी, टिहरी	01376-232156	9412027820
17	श्री राकेश तेबतिया	मुख्य उद्यान अधिकारी,उत्तरकाशी	01374-222143	9411135509
18	श्री योगेन्द्र चौधरी	जिला उद्यान अधिकारी, रूद्रप्रयाग	01364-233416	9411790937
19	श्री नरेन्द्र कुमार यादव	मुख्य उद्यान अधिकारी, चमोली	01372-253635	9412088404
20	डा0 शम्भू नाथ मिश्रा	उद्यान विशेषज्ञ कोटद्वार	01382-225336	9411171312
21	श्री चन्द्र प्रकाश पाठक	प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर मशरूम ज्योलीकोट, नैनीताल	05942-224016	9690083118
22	डा0 संजय कमल	मशरूम विकास अधिकारी, देहरादून	0135-224016	9412952919
23	श्री हरीश चन्द्र तिवाड़ी	प्रदेशीय मौन विशेषज्ञ, ज्योलीकोट, नैनीताल	05942-224113	9412436222
24	श्री वी0पी0 सेंगर	प्रधानाचार्य, राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, कोटद्वार	01382-225292	9412963228
25	श्री एस0सी0 त्यागी	प्रधानाचार्य, राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, रामनगर	05947-251124	9410128638

अति आवृतक प्रश्न (Frequently Asked Question)

1–उद्यान विभाग के अन्तर्गत अनुदान की कौन–कौन सी योजनांए संचालित की जा रही है?

उत्तर–सभी योजनायें व राजसहायता फ्लैक्सी बोर्ड पर अंकित है एवं योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय योजनाओं का पम्पलेट भी उपलब्ध है। योजनाओं का विवरण **www.shm.uk.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

2–विभागीय योजना में बाग लगाने हेतु क्या–क्या प्रपत्र जमा करने होगें?

उत्तर– सर्व प्रथम उद्यान कार्ड बनाया जायेगा जिसमें कुल भूमि उद्यान के अन्तर्गत क्षेत्रफल, सब्जी के अन्तर्गत क्षेत्रफल, पुष्प के अन्तर्गत क्षे0, मसाला, वर्मी कम्पोस्ट, मशरूम आदि की समस्त जानकारी अंकित की जायेगी। पासपोर्ट साइज का फोटो व आधार कार्ड, भूमि की खतौनी जमा की जायेगी।

इसी उद्यान कार्ड व आधार कार्ड, खतौनी व पासपोर्ट साइज की फोटो सम्बन्धित आवेदन पत्र के साथ जमा करनी होती है प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर चयन के उपरान्त योजना का लाभ मिलेगा।

3–अन्य योजनाएँ क्या–क्या है?

उत्तर–1. मेकेनाइजेशन (कृषि यन्त्रीकरण) की योजना है। जिसमें पावर स्प्रेयर, पावर ट्रिलार, 20 HP तक के ट्रैक्टर पर अनुदान है।

1. जल स्रोतो का सृजन (ट्यूबवैल) लगाने पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है जिसकी अधिकतम सीमा रू0 75000.00 प्रति इकाई है एवं 25 प्रतिशत राज्यांश रू0 25000.00 कुल रू0 100000.00 (रू0 एक लाख मात्र)।
2. पॉली हाउस निर्माण– 500 वर्ग मीटर तक के पॉली हाउस स्थापना हेतु 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है इससे अधिक आकार के पालीहाउस स्थापना हेतु 50 प्रतिशत अनुदान देय है।
3. क्षेत्रफल विस्तार– में फल के साथ–साथ सब्जी पुष्प, मसाला की खेती करने पर भी अनुदान देय।

4– कृषक (लाभार्थी) के चयन का आधार क्या है?

उत्तर–आवेदन फार्म पूर्ण भरकर सभी प्रपत्रों सहित दिनांक डालकर प्राप्त किया जाता है।

केन्द्र के प्रभारी की संस्तुति उपरान्त आवेदन मुख्य उद्यान अधिकारी कार्यालय भेजा जायेगा वहां पर भी वही प्रक्रिया अपनायी जायेगी व पंजिका में आरक्षित रखी जायेगी।

वरिष्ठता के क्रमानुसार स्वीकृति जारी होने पर लाभार्थी का फाइनल चयन कर योजना का कियान्वयन किया जायेगा।

लाभार्थियों का चयन वरिष्ठता के कम में बजट की उपलब्धता के अनुसार होता रहेगा।

5–ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पर कितनी राजसहायता है?

उत्तर– क्षेत्रफल व फसल की दूरी के अनुसार राजसहायता अनुमन्य है। जिसमें कुल लागत की 55 प्रतिशत राजसहायता लघु/सीमान्त कृषक को देय है। सामान्य कृषकों कों 45 प्रतिशत राजसहायता देय है। अधिकतम 05 हैक्टर क्षेत्रफल तक देय है।

आवेदन प्रारुपों का विवरण

सभी योजनायें व राजसहायता फ्लैक्सी बोर्ड पर अंकित है एवं योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय योजनाओं का पम्पलेट भी उपलब्ध है। योजनाओं का विवरण **www.shm.uk.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

नमूना प्रारुप संलग्न है।

निदेशक उद्यान / (महेश पाल) / (डा० रतन कुमार) संयुक्त निदेशक

राज्य बागवानी मिशन, उत्तराखण्ड

जनपद .....

जि0उ0अ0 कार्यालय की पंजीकरण पंजिका के अनुसार क्रमांक एवं दिनांक .....

उद्यान कार्ड संख्या .....

बागवानी मिशन के अन्तर्गत विभिन्न औद्यानिक फसलों–फल, सब्जी, मसाला, पुष्प, सगन्ध पौध एवं मशरूम क्षेत्रफल विस्तार (Area Expansion of fruits, vegetables, spices, flowers, aromatic plant and Mushrooms) के लिये आवेदन हेतु प्रारूप–B2

आवेदक का उ0स0द0के0 प्रभारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटोग्राफ (Attested by Mobile team incharge recent photograph of farmer)

1. लाभार्थी का नाम (Name of Beneficiary) : .....

2. पिता / पति का नाम (Father/Husband Name) : .....

3. लाभार्थी का पता Beneficiary address
   - गॉव का नाम Village Name : .....
   - डाकखाना (Post Office) : .....
   - विकासखण्ड (Block) : .....
   - जनपद (District) : .....
   - मोबाईल / टेलीफोन (Mobile / Telephone) : .....

4. लाभार्थी की श्रेणी (Beneficiary Category)
   - सामान्य वर्ग (General) ☐
   - पिछडा वर्ग (Backward) ☐
   - अनुसूचित जाति (SC) ☐
   - अनुसूचित जनजाति (ST) ☐

5. कृषक श्रेणी (Farmer Category)
   - अ) लघु / सीमान्त (Small/Margional) ☐
   - बडे किसान (Big farmer) ☐
   - ब) पुरूष (Male) ☐
   - महिला (Female) ☐

6. क्षेत्र (Area)
   - पर्वतीय (Hill) ☐
   - मैदानी (Plain) ☐

7. लाभार्थी की शैक्षिक योग्यता (Beneficiary education qualification)
   - नॉन मैट्रिक (Non Metric) ☐
   - 12वीं (Intermediate) ☐
   - मैट्रिक (Metric) ☐
   - स्नातक (Graduate) ☐

8. लाभार्थी के नाम कुल कृषि योग्य भूमि (जो राजस्व अभिलेखों में उसके स्वंय के नाम दर्ज हो) ..... है0
   - बागवानी फसलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल ..... है0

9. प्रस्तावित कार्य के लिये चयनित भूमि का खसरा संख्या क्षेत्रफल सहित (क्षे0 है0 में) .....
   - सिंचाई की उपलब्ध सुविधायें Irrigation facilities ☐

10. प्रस्तावित कार्यक्रम (Proposed programme)

1) अधिक लागत वाली फसल क्षेत्रफल विस्तार – (Cost intensive fruit crops area expansion) अधिकतम 04 है0 प्रति लाभार्थी

a) अंगूर, कीवी फल क्षेत्रफल विस्तार – (Grape, Kiwi fruit etc. area expansion)

i) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली रहित (Without integraion) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 62,500/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of INM/IPM, in 3 installments of 60:20:20 (1st year Rs 37,500/ha and Rs 12,500/ha in 2nd ye

फसल (Crop Name) _____

क्षेत्रफल (Area) _____ है0

ii) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सहित (With drip irrigation and trellies) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 2,00,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of material for drip irrigation, trellies and INM/IPM, in 3 installments

फसल (Crop Name) _____

क्षेत्रफल (Area) _____ है0

b) स्ट्राबरी क्षेत्रफल विस्तार – (Strawberry area expansion)

i) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली रहित (Without integraion) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 62,500/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of INM/IPM one installment.

फसल (Crop Name) _____

क्षेत्रफल (Area) _____ है0

ii) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सहित (Integrated package with drip irrigation and mulching) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 1,40,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of material for drip irrigation, mulching and INM/IPM,

फसल (Crop Name) _____

क्षेत्रफल (Area) _____ है0

c) बनाना (सकर) क्षेत्रफल विस्तार – (Banana (sucker) area expansion)

i) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली रहित (Without integraion) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 43,750/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of INM/IPM in 2 installments 75:25 (1st year Rs 32,812.50/ha and 2nd year Rs 10,937.50/ha).

फसल (Crop Name) _____

क्षेत्रफल (Area) _____ है0

ii) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सहित (Integrated package with drip irrigation) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs. 1,00,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of material for drip irrigation, and INM/IPM, in two installments

फसल (Crop Name) _____

क्षेत्रफल (Area) _____ है0

d) बनाना (टी0सी0) क्षेत्रफल विस्तार – (Banana (TC) area expansion)

i) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली रहित (Without integraion) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 62,500/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of INM/IPM in 2 installments 75:25 (1st year Rs 46,875/ha and 2nd year Rs 15,625/ha).

फसल (Crop Name) _____

क्षेत्रफल (Area) _____ है0

ii) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सहित (Integrated package with drip irrigation) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 1,50,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of material for drip system and INM/IPM, in two installments 75:25

फसल (Crop Name) _____

क्षेत्रफल (Area) _____ है0

e) पपीता क्षेत्रफल विस्तार – (Papaya area expansion)

i) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली रहित (Without integraion) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 30,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of INM/IPM in 2 installments 75:25 (1st year Rs 22,500/ha and 2nd year Rs 7,500/ha).

फसल (Crop Name) _____

क्षेत्रफल (Area) _____ है0

ii) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सहित (Integrated package with drip irrigation) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs. 1,00,000/ha for meeting the expenditure on planting material, drip irrigation and cost of material for INM/IPM, in two installments 75:2

फसल (Crop Name) _____

क्षेत्रफल (Area) _____ है0

f) अति उच्च घनत्व वाले फल क्षेत्रफल विस्तार – (Ultra high density - Meadow orchard area expansion)

i) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली रहित (Without integraion) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 62,500/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of INM/IPM in 3 installments 60:20:20 (1st year Rs 37,500/ha and Rs 12,500/ha in

फसल (Crop Name) _____

expenditure on planting material and cost of INM/IPM in 3 installments 60:20:20 (1st year Rs 37,500/ha and Rs 12,500/ha in 2nd year &

क्षेत्रफल (Area) है0

ii) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सहित (Integrated package with drip irrigation) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 1,00,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of material for drip system, INM/IPM and canopy management in 3 ins

फसल (Crop Name)

क्षेत्रफल (Area) है0

g) सघन फल क्षेत्रफल विस्तार — (High density fruit plantation - Mango, Guava, Litchi, Pomegranate, Apple, Citrus etc.)

i) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली रहित (Without integraion) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 50,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of INM/IPM in 3 installments 60:20:20 (1st year Rs 30,000/ha and Rs 10,000/ha in 2nd year &

फसल (Crop Name)

क्षेत्रफल (Area) है0

ii) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सहित (Integrated package with drip irrigation) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 75,000/ha for meeting the expenditure on planting material, cost of drip system, INM/IPM, canopy management etc, in 3 installments of 60:

फसल (Crop Name)

क्षेत्रफल (Area) है0

2) सामान्य फल क्षेत्रफल विस्तार — (Normal density fruit plantation - Mango, Guava, Litchi, Pomegranate, Apple, Citrus etc.)

i) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली रहित (Without integraion) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 30,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of INM/IPM in 3 installments 60:20:20 (1st year Rs 18,000/ha and Rs 6,000/ha in 2nd year an

फसल (Crop Name)

क्षेत्रफल (Area) है0

ii) सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सहित (Integrated package with drip irrigation) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 50,000/ha for meeting the expenditure on planting material, cost of drip system, INM/IPM, canopy management etc, in 3 installments of 60:

फसल (Crop Name)

क्षेत्रफल (Area) है0

3) सब्जी क्षेत्रफल विस्तार (Vegetable area expansion)

Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 25,000/ha अधिकतम 02 है0 प्रति लाभार्थी

फसल (Crop Name)

क्षेत्रफल (Area) है0

4) मशरूम — (Mushrooms.)

i) उत्पादन इकाई (Production Unit) - Assistance @ 100% for public sector limited to Rs 20 lakh/unit and in case of private sector, credit linked back ended subsidy @ 40% of cost, subject to a maximum of Rs 8 lakh / unit, for meeting the expenditure on infrastructure.

राजकीय (Public)

व्यक्तिगत (Private)

ii) स्पॉन मार्केटिंग इकाई (Spawn Making Unit) - Assistance @ 100% for public sector limited to Rs 15 lakh/unit and in case of private sector, credit linked back ended subsidy @ 40% of cost, subject to a maximum of Rs 6 lakh / unit, for meeting the expenditure on infrastructure.

राजकीय (Public)

व्यक्तिगत (Private)

iii) कम्पोस्ट मेकिंग इकाई (Compost Making Unit) - Assistance @ 100% for public sector limited to Rs 20 lakh/unit and in case of private sector, credit linked back ended subsidy @ 40% of cost, subject to a maximum of Rs 8 lakh / unit, for meeting the expenditure on infrastructure.

राजकीय (Public)

व्यक्तिगत (Private)

5) पुष्प फल क्षेत्रफल विस्तार — (Flowers area expansion) अधिकतम 02 है0 प्रति लाभार्थी

i) खुले पुष्प (Cut flowers)

Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 50,000/ha.

फसल (Crop Name)

क्षेत्रफल (Area) है0

ii) डंडीयुक्त पुष्प (Bullbulous flowers)
Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 75,000/ha.

फसल (Crop Name) _____
क्षेत्रफल (Area) _____ है0

iii) बल्वयुक्त पुष्प (Bullbulous flowers)
Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 20,000/ha.

फसल (Crop Name) _____
क्षेत्रफल (Area) _____ है0

6) मसाला फल क्षेत्रफल विस्तार – (Spices area expansion) अधिकतम 04 है0 प्रति लाभार्थी

i) बीज एवं कन्द वाली मसाला खेती (Seed spices and Rhizomatic spices) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 15,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of material for INM/IPM etc.

फसल (Crop Name) _____
क्षेत्रफल (Area) _____ है0

ii) बारहमासी मसाले (Perennial spices - Black pepper, cinnamon, clove and nutmeg) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 25,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of material for INM/IPM etc.

फसल (Crop Name) _____
क्षेत्रफल (Area) _____ है0

7) सगन्ध पौध क्षेत्रफल विस्तार – (Aromatic Plants area expansion) अधिकतम 04 है0 प्रति लाभार्थी

i) अधिक लागत वाली सगन्ध पौध (Cost intensive aromatic plants) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 50,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of material for INM/IPM etc.

फसल (Crop Name) _____
क्षेत्रफल (Area) _____ है0

ii) अन्य सगन्ध पौध (Other aromatic plants) - Assistance @ 50% of cost i.e. maximum of Rs 20,000/ha for meeting the expenditure on planting material and cost of material for INM/IPM etc.

फसल (Crop Name) _____
क्षेत्रफल (Area) _____ है0

11. प्रस्तावित कार्य का कुल क्षेत्रफल _____ है0

12. प्रस्तावित कार्य की कुल लागत _____

13. धनराशि की व्यवस्था **(Fund arrangement)**

किसान क्रेडिट कार्ड से (Through farmer credit card) _____
क्रेडिट लिमिट (Credit limit) _____
बैंक ऋण से (Through Bank Loan) _____

